## नगर निगम ने लगाया सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

छिंदवाड़ा। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के आठवें दिवस नगर पालिक निगम द्वारा टाउन हाल में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का भव्य आयोजन किया गया जिसमे 350 सफाई मित्रों का निःशुल्क उपचार कर उन्हें औषधि वितरित की गई।शिविर में नगर पालिक निगम कमिश्नर चंद्रप्रकाश राय, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, प्रभारी सहायक यंत्री विवेक चौहान, सिद्धि विनायक बेस्ट मैनेजमेंट टीम सहित बड़ी संख्या में सेवा भावी चिकित्सकों सहित सामाजिक संस्थाओं ने सेवाएं देकर सफाई मित्रों के स्वास्थ लाभ की मंगल कामना की गई।सफल आयोजन के लिए ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने निगम कमिश्नर चंद्रप्रकाश राय के साथ सभी चिकित्सकों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।इन्होंने दी सेवाएं - स्वास्थ शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य जांचे निःशुल्क कर औषधि का वितरण किया गया शिविर को सफल बनाने के श्रीमती अलका नीरज शुक्ला, मोनिका लांगे, श्रीमती राजमती हरसुले, डॉ. प्रमिला यावतकर, संतोष पंद्राम, नितिन टेकरे, पल्लवी ब्यौत्रा, स्वाति शर्मा, डॉक्टर मीरा पराड़कर, भावना साहू, आयाश लोधी, नूपुर पवार,डॉ. महेश बेंदवार, डॉ. नरेन्द्र सोमकुवॅर, डॉ. असलम शेख के साथ टी वर्ल्ड विद्यालय, आदर्श फाउंडेशन, मानव अधिकार मिशन, एक्सीलेंस शिक्षण समिति, हमारा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी, एम.एफ.के.टी.एस.एस. समिति का सहयोग प्राप्त हुआ।

## बच्चों की मौत के कारणों की जांच के लिए कहा

# बीएमओ से मिले नपा अध्यक्ष और भाजपा की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया सिविल अस्पताल में बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष और नगर पालिका उपाध्यक्ष बीएमओ से मिले। बीएमओ से मिलकर बच्चों की मौत के कारणों तक पहुंचने के लिए चर्चा की। बीएमएओ से बच्चों की मौत के कारणों की जांच कर मामले की तह तक पहुंचने की मांग की गई।किसी दवाई के कारण तो बच्चे प्रभावित नहीं हो रहे है इसको लेकर भी जांच की मांग की गई है।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर ने बीएमओ डा अंकित सहलाम से चर्चा की। खतरनाक स्थिति को देखते हुए अस्पताल में जूनियर डाक्टर की जगह विशेषज्ञ की ड्यूटी लगाने , विशेषज्ञ नहीं होने पर छिंदवाडा से बुलाकर ड्यूटी लगाने की मांग की गई। नगर पालिका अध्यक्ष ने बीएमओ से कहा कि बच्चों के उपचार की उचित व्यवस्था की जाए। किसी परिजन को परेशान न होना पडे। लोग बच्चों के साथ लाईन में खडे हो रहे है। इनके लिए बेहतर व्यवस्था की जाए।



## बंदर पकड़ने के निर्देश के विरोध में उतरे सरपंच, सौंपा ज्ञापन

परासिया : शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को बंदरों को पड़कर सुरक्षित जगह छोड़ने के निर्देश व बिजली बिल सरपंचों द्वारा भुगतान किए जाने के निर्दशों की जानकारी विभिन्न स्रोतों से मिलने पर पर सरपंच संघ ने इसका कड़ा एतराज जताया है । और विरोध में ज्ञापन सौंपा है । हालांकि इस सम्बन्ध में शासन की ओर से कोई लिखित आदेश की पुष्टि नहीं हुई है ।बुधवार को सरपंच संघ अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव के नेतृत्व में जनपद पंचायत के सरपंचों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन राजस्व अधिकारी सुनयना ब्रह्मे तथा जनपद सीईओ वर्षा झारिया को सौंप कर इसे निरस्त करने की मांग की है । अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव एवं सचिव मोहन कहार ने बताया कि राज्य शासन द्वारा दो नए निर्देश जारी करने की बात सामने आई है । जिसमें एक निर्देश वन विभाग की जगह ग्राम पंचायतों द्वारा बंदरो को पकड़ कर सुरक्षित जगह छोड़ने के निर्देश दिये गये हैं , जबकि ग्राम पंचायतों के पास प्रशिक्षित कर्मचारी तथा आवश्यक उपकरण नही है । यह जोखिम का कार्य है । इसलिये इस निर्देश को वापस लिया जाये । दूसरा निर्देश ग्राम पंचायतों को बिजली बिल स्वंय की आय से जमा करने तथा अधिभार के लिये सरपंच सचिव को जबावदार बनाने के संबंध में है , चूंकि स्ट्रीट लाइट , कार्यालय तथा अन्य भवन का बिद्युत बिल की राशि अधिक आती है , पंचायतों को कर के रूप मे अत्यंत कम राशि मिलती है । जिसमें पंचायत कर्मचारियों का वेतन तथा अन्य अनिवार्य जरूरतों पर खर्च करना पडता है । अधिभार के लिये सरपंच सचिव को जबावदार ठहराना तर्क एंव न्याय संगत नही है । इस निर्देश को भी वापस लिया जाये । विद्युत बिल भुगतान की पूर्ववत व्यवस्था बहाल की जाये ।



# सिंगोड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल में विधिक सहायता कार्यशाला संपन्न

सिंगोड़ीः-शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र सिंगोड़ी में आज समस्त विद्यार्थियों को लेकर विधि और न्याय से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिला न्यायालय से श्री राकेश सिंह जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा द्वारा उक्त विधिक सहायता कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को कानून संबंधी विभिन्न आवश्यक जानकारी दी गई श्री राकेश सिंह ने बताया कि मौलिक अधिकार और मूल कर्तव्य क्या है? कोई व्यक्ति छेड़छाड़ करता है तो उसे क्या सजा होती है ?बाल अपराध क्या है बाल विवाह क्या है शोषण के विरुद्ध अधिकार क्या है बाल मजदूरी कैसा अपराध है आदि अनेक कानूनी बातों को साझा किया बच्चों ने भी अपनी उत्सुकता दिखाते हुए अनेक प्रकार के सवाल न्यायाधीश महोदय से किया जिसका उत्तर माननीय न्यायाधीश महोदय ने नियम अनुसार कानून की विभिन्न धाराओं के साथ प्रत्येक बच्चों को दिया और कानून संबंधी विभिन्न धाराओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उनके साथ श्री विजय खोबरागड़े विधिक सहायता अधिकारी छिंदवाड़ा एवं श्री श्यामल राव सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा भी मौजूद रहे। श्री श्यामल राव द्वारा कार्यक्रम में कार्यशाला का आयोजन एवं अधिकारी के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी और मंच का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजय सिन्हा सर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य बी एस सीलू शिक्षक नरेश साहू ,प्रीति यदुवंशी ,रेखा उईके सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यालयीन बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# मंधान बांध से परासिया पानी लाने पाईप लाईन का काम शुरू

### बेलगांव में नगर पालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन, 21 करोड से होगा काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

मंधान बांध से पानी लाने के लिए पाईप लाईन डालने का काम बुधवार से शुरू हो गया। तामिया मार्ग पर बेलगांव में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने परिषद के साथियों के साथ भूमिपूजन कर पाईप लाईन डालने के काम की शुरुआत की। अमृत टू परियोजना से मंधान बांध से परासिया तक 21 करोड की लागत से पाईप लाईन डालने की योजना है।बीते दिनों सांसद विवेक बंटी साहू ने इस योजना का भूमिपूजन किया था। अब पाईप लाईन के लिए पाईप आ गए है। बेलगांव में पूजन कर पाईप लाईन डालने का काम प्रारंभ कर दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, सभापति और शहरी मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी, सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा, संतोष डेहरिया, शशि सतनामी, सुषमा चौरसिया, बेलगांव सरपंच अखिलेश काकोडिया, सोनू त्रिवेदी, सिद्धार्थ मुखर्जी, मनोज खेलवाडी ग्राम के नागरिक, निर्माण एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।बल्लू नागी ने कहा कि नगर पालिका परिषद परासिया के प्रयासों से योजना पूरी हो रही है। इससे परासिया तक पानी आएगा। परासिया के लोगों की मुसीबत खत्म हो जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने हा कि मंधान से परासिया तक पाईप लाईन डाली जाएगी। सांसद विवेक बंटी साहू ने इसका भूमिपूजन किया था। 21 करोड की लागत से काम होगा। इससे परासिया की पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। परासिया को रोज पानी मिलने लगेगा। उन्होंने बताया कि वे खुद कई बार भोपाल गए है। योजना के अडंगे को खत्म कर योजना को अब पूरा कर पा रहे है।

## विश्व में सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली पत्रिका बनी ऋषि प्रसाद साहित्य - साहू

छिंदवाड़ा। सामाजिककार्यकर्ता एव राजनीतिक विश्लेषक भगवान दिन साहू ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सम्पूर्ण विश्व की आबादी लगभग 7 अरब है । जिसमें 2.6 अरब इसाई हैं और 1.6 अरब मुस्लिम हैं । जिसमें से 125 देश में ईसाई धर्म को मानने वाले हैं वहीं 57 देश मुस्लिम आबादी के हैं । लगभग 3 अरब लोग हिन्दू हैं जो बौद्ध धर्म , सिक्ख धर्म और अन्य धर्मों में विभाजित हैं । हमारे देश में हिन्दुओं की संख्या लगभग 90 करोड़ है । अधिकतर ईसाई देशों वाले लोग सक्षम और सम्पन्न देश हैं । इन धर्मो की एक पत्रिका निकलती है अवेक जो लगभग 12 मिलियन लोगो द्वारा पढ़ी जाती हैं जो 252 भाषाओं में प्रकाशित होती हैं । वही परम पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के आश्रम से एक साहित्य प्रकाशित होता हैं जिसका नाम ऋषि प्रसाद है जो समस्त मानव कल्याण के लिए है । जिसकी पूरे विश्व में 10 मिलियन याने 1 करोड़ लोग पाठक हैं । यह साहित्य देश में नम्बर 1 है । **RNI** की रिपोर्ट अनुसार ऋषि प्रसाद पत्रिका हिंदी ,गुजराती ,मराठी ,ओडिशा ,तेलगु ,कन्नड़ , अंग्रेजी और बंगाली भाषा में प्रकाशित होती हैं । देश में प्रकाशित कुछ अखबार जिसमे दैनिक जागरण , दैनिक भास्कर और मलयालम से एक पत्रिका निकलती हैं इनकी पाठक संख्या लगभग 10 लाख है ।पूरे विश्व में हिन्दू राष्ट्र की संख्या बहुत कम है । वही ऋषि प्रसाद पत्रिका एक करोड़ से अधिक लोगों द्वारा पढ़ी जाने वाली देश की प्रथम तथा पूरे विश्व की दूसरी पत्रिका है । इस पत्रिका को आज भी सभी लोग सम्भाल कर पूजा के रूम में रखतें हैं ।



## खरखडी में कृमि मुक्ति दिवस का हुआ आयोजन



### माध्यमिक स्कूल के अध्ययनरत बच्चो को कृमि मुक्ति के लिए दवा की खिलाई खुराक

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।

मंगलवार 23 सितंबर को शासकीय माध्यमिक स्कूल खरखड़ी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन जिला मुख्य चिकित्सका अधिकारी परेश उपलव के निर्देशन एवं खडं चिकित्सका अधिकारी डा.खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । बताया गया की इस अवसर पर स्कूल में अध्ययनरत करीब 139 विद्यार्थीयो को कृमि मुक्ति के लिए स्वास्थ अमले के द्वारा दवाई खिलाई गई । तथा बच्चो की उम्र के हिसाब से दवाई की खुराक खिलाने के निर्देश दिए गए । एंव बच्चो को टिटनेस का वैक्सीनेशन किया गया एंव सिकल सेल की जांच की गई। ताकि बच्चे स्वस्थ रहे एवं आईडी बनायी गई। इस दौरान स्कूल नोडल टीचर भारती एडपाचे के द्वारा एल्बेंडाजोल टेबलेट के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया । इस अवसर पर श्रीमती गुणवंता लिल्हारे कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर खड़खड़ी , श्रीमती रुपाली राउतकर एएनएम खरखड़ी, श्रीमती संतोषी डोंगरे ,चंपा टेम्भरे,कोमल नागपुरे सहित स्वास्थ विभाग का अमला एंव स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

## 64वा अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा का हुआ शानदार आगाज

### अनेक राज्यों की टीमें होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज उकवा।



खनिज नगरी के साथ साथ फुटबॉल नगरी के नाम से विख्यात उकवा नगर जहां फुटबॉल की दीवानगी अलग ही नजर आती है,जहां के लोगों में फुटबॉल का एक अलग ही नशा है,इसलिए प्रतिवर्ष मॉयल द्वारा आयोजित फुटबॉल मैच में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित होते है, और दूसरे जिले ओर राज्यों से भी लोग नवरात्र में उकवा पहुंच इस मैच का आनंद लेते है,इस वर्ष भी मॉयल परिवार द्वारा लगातार 64 वर्षों से निरंतर जारी अखिल भारतीय फुटबॉल मैच का आयोजन उकवा नगर में किया गया है,जिसमें अनेक राज्यों की एक से एक टीमें उकवा पहुंच रही है,आज इस प्रतियोगिता का रिबन काट कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर भव्य शुभारंभ खान प्रबंधक निषाद निकोसे एवं जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष जेम्स बारीक की प्रमुख उपस्थिति में किया गया,साथ ही अतिथियों द्वारा मैदान पर बहुत ही आकर्षक ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति अजय बडोले,सचिव राहुल धुर्वे ,उपखान प्रबंधक जयंता प्रधान,मुख्य कार्मिक अधिकारी समीर बैनर्जी,विशाल सालुंखे,आदि उपस्थित थे,आज शुभारंभ अवसर पर पहला मैच मॉयल उकवा एवं रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर छत्तीसगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें जिसमें नारायणपुर तीन जीरो से विजय रही,दूसरा मैच एन आई एफ सी बैहर उड़ीसा स्टेट फुटबॉल टीम कटक उड़ीसा के मध्य खेला गया जिसमें उड़ीसा की टीम बैहर की टीम को 6-0 गोल दागकर परास्त किया । इस वर्ष विजेता टीम को एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह एवं अनेक आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कारों के साथ साथ उप विजेता टीम को पचपन हजार पांच सौ पचपन एवं आकर्षक ट्रॉफी एवं अनेक आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा,गुरुवार को पहला मैच मॉयल नागपुर एवं मदन महाराज भोपाल के मध्य खेला जाएगा एवं दूसरा मैच साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर महाराष्ट्र एवं पुलिस बॉयस बालाघाट के मध्य खेला जाएगा,आज के मैच में शानदार कमेंट्री सुरक्षा समिति के बाबूलाल कौशल एवं इमैनुएल दीप द्वारा की गई।

## वारासिवनी सब्जी मार्केट में सक्रिय हुए मोबाइल चोर



### मंगलवार क़ो भीड़ का फायदा उठाकर सब्जी बाजार में लगातार हो रही मोबाइल चोरी की घटनाए

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

यदि आप मंगलवार क़ो बाजार के दिन वारासिवनी बाजार मे सब्जी खरीदने जा रहें हो, तो सावधान हो जाए। क्योंकि यहां आपके मोबाइल पर चोरो की नजर बनी हुई हैं। आये दिन सब्जी बाजार मे हो रही मोबाइल चोरी से परेशान लोगो ने अब मोबाइल लेकर सब्जी खरीदने जाना छोड़ दिया हैं। कुछ ऐसा ही मामला फिर एक बार वारासिवनी सब्जी बाजार से सामने आया हैं। मंगलवार की शाम मार्केट मे सब्जी लेने गए ग्राम मेंहदीवाडा निवासी शिवेश पंचेश्वर और ग्राम सिकन्दरा निवासी किरण यादव का मोबाइल बड़े ही चालाकी से अज्ञात चोरों ने चुरा लिए। जब सब्जी लेने के बाद व्यक्ति ने पैसे निकालने अपने जेब में हाथ डाला, तो उसे मोबाइल नहीं मिला। जिसके बाद दोनों ही युवकों ने इसकी सूचना वारासिवनी पुलिस को दी है।

**लगातार हो रही चोरी की घटनाये, वारासिवनी पुलिस बेखबरः** स्थानीय व्यापारियों का कहना हैं कि वारासिवनी में मंगलवार क़ो सप्ताहिक बाजार भरता है, जहाँ बालाघाट जिले के सैकड़ो छोटे-बड़े व्यापारी सामान खरीदने आते हैं। मगर हर मंगलवार क़ो सब्जी बाजार मे मोबाइल चोरी की घटनाए बढ़ती जा रही हैं। पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही हैं। जिससे चोर भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर घटना क़ो अंजाम दे रहें हैं। चोरी की शिकायत करने के बाद भी पुलिस सिर्फ आश्वासन देती है मगर अभी तक किसी गिरोह का पर्दाफाश नहीं हो सका है, जिससे चोरो का मनोबल बड़ा हुआ हैं।

**मकानो,दुकानों और सब्जी बाजार में चोरों ने मचाया आतंकः** वारासिवनी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी से अब आम जनता को डर सता रहा है, लोगो का अब पुलिस से भरोसा समाप्त हो रहा है। ऐसा नहीं है कि चोरों के फुटेज पुलिस के पास न हो, इसके पहले भी चाहे व्यापारियों को लूटने का मामला हो या घरों में चोरी का मामला हो, पुलिस के पास दर्जनों सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। बावजूद पुलिस भी अब चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

# महाबोधी महाविहार की लडाई लड़नी नहीं जीतनी है, महाबोधी विहार विश्व शांति का प्रतीक है : क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य

### महाबोधी महाविहार, भीमजन्मभूमि, दीक्षाभूमि सहित सभी बौद्धो की धरोहर दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया एवं बौद्धो को सौपी जायेःडॉ-चरनदास ढेंगरे





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पंचशील धम्म ध्वज यात्रा का स्वागत एवं क्रांतिकारी भंते महाबोधी विहार बोधगया आंदोलन के प्रणेते पूज्य भंते विनयाचार्य जी का जन संवाद कार्यक्रम कल 22 सितंबर को स्थानीय डॉ.आंबेडकर चौक एवं नूतन कला निकेतन सभागार में सम्पन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य मार्गदर्शक क्रांतिकारी पूज्य भंते विनयाचार्य बोधगया विहार, मुख्य अतिथि गौतम पाटिल सर,डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया म.प्र., जे.एस.चौरे जी संरक्षक बालाघाट जिला बोद्ध संघ, कार्यक्रम अध्यक्षता एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष, स्वागत अध्यक्ष सचिन मेश्राम बालाघाट, प्रमुख अतिथि में नितिन गजभिये नागपुर थे। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय बौद्धो की संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट एवं बालाघाट जिला बौद्ध संघ थे। पूरे समारोह का संचालन डॉ.चरनदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष एवं सचिन मेश्राम अध्यक्ष जिला बौद्ध संघ बालाघाट द्वारा किया गया। संस्था की प्रदेश उपाध्यक्ष हेमलता डोंगरे, प्रमिला चौहान जिला कोषाध्यक्ष, साधना ढेंगरे, केन्द्रीय शिक्षिका, एम.एल.मेश्राम कांटेक्टर, मिलिंद भालेकर मीडिया प्रभारी,अरुण भालेकर आदि का सक्रिय सहयोग रहा। आयोजन में दि बुद्धिस्ट सोसायटी के लांजी तहसील से एम.के.मडामे जी एवं बी.आर.रामटेके पूर्व तहसील अध्यक्ष,धर्मशीला मेश्राम प्रज्ञा महिला मंडल,किरनापुर से दुरेन्द्र सावनकर अध्यक्ष, महासचिव विनय चौरे, कोषाध्यक्ष गौतम भिमटे एवं ग्राम सर्कल की पूरी टीम, बालाघाट नगर तहसील सुधा मेश्राम, शीतल खोब्रागढे, पूर्णिमा गनवीर, सुषमा खोब्रागढे खुशियाल मेश्राम, मच्छेंद्र बोमरडे,वारासिवनी से आर डी बांसोंड,अभिराज मेश्राम महासचिव,सुचिता डोंगरे उपाध्यक्ष,खैरलांजी से कैलाश भोरजार अध्यक्ष, संजय मेश्राम कोषाध्यक्ष, भीमराव कोचे एवं शशिकला मेश्राम अध्यक्ष घुबडगोंदी, लालबर्रा से प्रहलाद मेश्राम अध्यक्ष, धनराज खोब्रागढे बेहरई, प्रमोद चौहान जिला संघठक, बैहर के.आर. सोनटके अध्यक्ष,के एल धाकड़े, आर.डी.देशभ्रतार जिला सचिव, बिरसा से धरम श्यामकुंवर, एस.आर. उके, भालवा सर्कल से योगराज पटले एवं सभी तहसीलों के ग्राम सर्कल तहसील के सभी पदाधिकारी हजारो की संख्या में उपस्थित थे। सूत्रो के अनुसार लगभग चार हजार से अधिक संख्या में धम्म उपासक,उपासिकाए शामिल रहे। सर्वप्रथम पूज्य भंते विनयाचार्य जी का काफिला 3 घंटे देरी से डा. आंबेडकर चौक बालाघाट पहुंचा,सभी ने चौक में हजारो की संख्या में भंते जी का स्वागत पूरे जोश से किया गया। सामूहिक माल्यापर्ण,पूजा वंदना के बाद महारैली काली पुतली चौक, राजघाट चौक, महावीर चौक होते हुये नुतन कला निकेतन सभागृह में पहुंची,वहां पर दोनो आयोजनकर्ता संस्था के पदाधिकारियों ने भते जी का भव्य स्वागत किया। पूज्य भंते ने अपने ओजस्वी विचारों से सभी का दिल जीत लिया,तत्पश्चात प्रमुख अतिथि गौतम पाटील भोपाल ने आव्हान किया कि डॉ.भीमराव य.आंबेडकर साहेब व पवित्र भिक्खु संघ के नेतृत्व में अंतिम सास तक यह लडाई लडेगें एवं जीतेगे। कार्यक्रम के आयोजक सचिन मेश्राम ने पूज्य भंते जी के आव्हान पर 12 फरवरी 2026 को जिले से हजारो की संख्या में अनुयायी शामिल होने का आव्हान किया,इस कार्यक्रम में जिला बौद्ध संघ के आर.के.डोंगरे वारासिवनी, भाऊदास चौहान खैरलांजी, राकेश बागडे, साधना हुमनेकर,देवानंद बोरकर लालबर्रा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## भारतीय किसान संघ ने 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने और किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिती में स्टेनो पंकज गजभिए को सौंपा। संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने चुनावी वादे के अनुसार धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये व गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए देने, कृषि उपज की लागत में लाभ जोड़कर लाभकारी मूल्य प्रदान करने, सभी फसलों की खरीदी वर्ष भर समर्थन मूल्य पर की जावे, सभी पंचायतों में वर्षा मापक यंत्र लगाए जाए, डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए, कृषि लोन व केसीसी की प्रक्रिया ऑनलाइन की जाए, केंद्र सरकार योजनाओं के लाभ के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करे, जी एम फसलों को देश में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाए, कपास पर इंपोर्ट ड्यूटी पुनः लगाई जावे सहित अन्य मांगे शामिल है। जिसने विधानसभा चुनाव के पहले किसानों से अपने संकल्प पत्र में वादा किया था कि वह सत्ता में आने के बाद उन्हें धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए व गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए देंगी। लेकिन चुनाव जीतकर सत्ता में बैठने के बाद भाजपा अपना वादा भूल गई है और अब बहानेबाजी कर उसे 5 साल का संकल्प पत्र बताकर वादे को 5 साल में पूरा करने की बात कह रही है। जिससे नाराज किसान अब धीरे धीरे सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहा है। इसकी पहली कड़ी के रूप भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने प्रधानमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम वारासिवनी के कार्यालय में स्टेनो पंकज गजभिए को सौंपा।

## जिले के 3500 युवाओं को मिला रोजगार, मुख्यमंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र

# सीएम ने किसानों की खुशहाली के लिये दिये धान प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट जिला सौभाग्यशाली है, क्योंकि इसे भगवान का आशीर्वाद मिला है। पहले लोग बालाघाट के नाम से ही घबराते थे और यहां आने के लिये विचार करते थे। कभी क्षेत्र के युवा रोजगार की तलाश में भटकते हुए गलत राह पर चल पड़े थे, लेकिन अब समय बदल गया है। उन्होंने कहा कि यहां के किसानों और जवानों के खून-पसीने से क्षेत्र की तस्वीर बदली है और विकास की नई राहें खुली हैं। प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बालाघाट जिले के कटंगी में मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत धान उत्पादक किसानों को प्रोत्सांहन राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना अंतर्गत प्रदेश के 669272 किसानों के खाते में 337.12 करोड रुपये के धान प्रोत्साहन राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। उन्होंने 244 करोड 52 लाख रुपये के 78 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया तथा जिले के ग्रामीण व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 3500 युवाओं को प्रायवेट कम्पनियों में नियुक्ति के पत्र सौपें। कार्यक्रम में बालाघाट, मण्डला, डिण्डौरी जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 815 युवाओं को विशेष सहयोगी दस्ता में नियुक्ति के पत्र दिये गयें। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी तथा परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार करांहे, मप्र पिछडा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, रामकिशोर कावरे, प्रदीप जायसवाल, लोचनलाल ठाकरे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, भगतसिंह नेताम, जिला पंचायत सदस्य, कृषि विभाग के अतिरिक्त प्रमुख सचिव अशोक वर्णवाल, जबलपुर संभाग के कमिश्नर धनंजय सिंह, कलेक्टर मृणाल मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट, मण्डला एवं डिण्डोरी जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 815 युवाओं को पुलिस में विशेष सहयोगी दस्ता के पद पर नियुक्ति कर न केवल उनका भविष्य सुरक्षित किया जा रहा है, बल्कि क्षेत्र की रक्षा और सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थानीय लोगों से बेहतर अपने क्षेत्र को कोई नहीं जानता, इसलिए उनकी भागीदारी से विकास और सुरक्षा दोनों मजबूत होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश और देश से नक्सली गतिविधियों को समाप्त करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मार्च 2026 तक नक्सली गतिविधियों का पूरी तरह अंत हो जाएगा और शांति एवं समृद्धि का वातावरण स्थापित होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की महिलाएं लाड़ली बहना योजना की राशि से परिवार की जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू खर्चों में इसे लगाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में बहनों को मिलने वाली 1250 रुपए की राशि को दिवाली के त्योहार के बाद 1500 रुपए कर दिया जाएगा।

### जिसके घर गाय वह गोपाल – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध है और इसके लिये विशेष कानून बनाया गया है। नए कानून के तहत गौ हत्या करने या इसमें संलिप्त पाए जाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौ वंश की तस्करी करने वालों को जेल भेजा जा रहा है और उनके वाहनों को राजसात किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौ पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। "जिसके घर गाय वह गोपाल" की परिकल्पना के तहत 25 से अधिक गायों का पालन करने वाले व्यक्तियों को 40 लाख रुपये तक का ऋण तथा 10 लाख रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तरह गौशालाओं में भी प्रति गाय 40 रुपये अनुदान राशि प्रदान कर गौ संरक्षण और प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने की विभिन्न घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में क्षेत्रीय विधायक श्री गौरव सिंह पारधी की मांग पर अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणाएँ की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग और क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कटंगी–सिवनी सडक मार्ग पर खिड़कीघाट में उच्च स्तरीय पुल, कटोरी–भोरगढ़ पंचायत मार्ग, खमरिया–बिसापुर, कोडबी–महकेपार, कटेदरा–मानेगांव, बोपली–कटेरा तथा दिग्धा-कोडबी मार्ग सहित नंदलेसरा–अतरी मार्ग पर चनई नदी पर पुल एवं बिछुवा–चंदाडोह मार्ग पर पुल निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कतरकना व दुधारा में स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण तथा नवेगांव, टेकाड़ी तथा लिंगापौनार के हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने और कटंगी नगरीय क्षेत्र के तालाब के उन्नयन कार्य हेतु 10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटंगी क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिये राजीव सागर परियोजना से नहलेसरा बांध की इंटरलिंकिंग परियोजना का परीक्षण कर कार्य कराया जाएगा। उन्होंने नेशनल पार्क से लगे किसानों के खेतों की फसलों की जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग लगाने की घोषणा की। उन्होंने पिछले दिनों वन्य जीवों के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों को पूर्व में दी गई 8-8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के अतिरिक्त 17-17 लाख रुपये राशि प्रदाय करने की घोषणा की। मंचीय कार्यक्रम के पहले मुख्य मंत्री डॉ. यादव एवं अन्य अतिथियों ने कन्या पूजन, भगवान बलराम जी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम में बने रैम्प मे चलकर उन्होनें किसानों पर पुष्प वर्षा की एवं उनका अभिवादन किया।

## सांदीपनि विद्यालय मलांजखण्ड में सेवा पखवाडा अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सेवा पखवाडा अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 24 सितम्बर को सांदीपनि विद्यालय मलांजखण्ड में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में विशाल कुमार एस होसमनी भारतीय वन सेवा वनमंडल अधिकारी बालाघाट, (प्रशिक्षु) वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व बैहर, संस्था के प्राचार्य गंगाप्रसाद कटरे, समस्त स्टाफ और बच्चों की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के पोधों का पौधारोपण किया गया और 150 पौधों का रोपण किया गया।



इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन में वनों की महत्ता और उनकी सुरक्षा पर प्रकाश डाला गया और छात्र/छात्राओ को वनों की सुरक्षा एवं देखभाल तथा एक पेड़ मा के नाम कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया और जिन्होंने इस अभियान के तहत पौधारोपण कर लिया है उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी प्राथमिकता से करने हेतु प्रेरित किया। सेवा पखवाडा अभियान के अंतर्गत DFO बालाघाट, संस्था के प्राचार्य गंगाप्रसाद कटरे और समस्त स्टाफ की उपस्थिति में नशा मुक्त भारत के उद्देश्य को लेकर नशामुक्ति हेतु छात्र छात्राओ को शपथ दिलाई गयी। इस कार्यक्रम में वन विभाग मोहगांव में पदस्थ परिक्षेत्र सहायक आशीष नागेश्वर, राजेंद्र दुबे, मेरावी, वनरक्षक संदीप ओझा एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारी और छात्र/छात्राओ उपस्थित रहे है।

## चाचा के हस्तक्षेप से गंवाई सरपंची, सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव बहुमत के साथ पारित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विपक्ष को मिले 18 मत, सरपंच पक्ष धराशाही, सचिव बोले जल्द होगी कार्यवाहक सरपंच की प्रक्रियाबालाघाट। जिले की मॉयल क्षेत्र, उकवा पंचायत में सरपंच अनुसुईया क्षत्रिय के खिलाफ, उपसरपंच और पंचो की ओर से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव, मंगलवार को बहुमत के साथ पारित हो गया। 20 पंच और एक सरपंच की पंचायत में, विपक्ष में 18 मत गिरे। जबकि अविश्वास प्रस्ताव में सरपंच और दो पंचो ने हिस्सा नहीं लिया। पंचायत सरपंच ने चाचा के हस्तक्षेप की वजह से पंचायत की सरपंची गंवा दी। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर उपसरपंच शिवशंकर तिवारी सहित 18 पंचो ने विगत 15 दिन पहले एसडीएम को अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन सौंपा था। जिसके बाद, एसडीएम से मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग निर्धारित की गई थी। मंगलवार को पंचायत भवन में अविश्वास प्रस्ताव पर निर्वाचन अधिकारी श्रीकृष्णा नायक की मौजूदगी में वोटिंग कराई गई। जिसमें उपसरपंच और 17 पंचो ने, सरपंच अनुसुईया क्षत्रिय के खिलाफ मतदान किया। निर्धारित समय तक अविश्वास प्रस्ताव की वोटिंग में सरपंच और अन्य दो पंचो के नहीं पहुंचने से मतगणना कराई गई। जिसमें 18-0 से, सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। उकवा पंचायत के प्रभारी सचिव योगेश हिर्वाने ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के बाद अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से पारित हो गया है। जल्द ही कार्यवाहक सरपंच के लिए सम्मेलन आहुत किया जाएगा। जिसके बाद चुनाव कराए जाएंगे।



उपसरपंच शिवशंकर तिवारी ने बताया कि सरपंच के कार्यकाल में उकवा पंचायत के विकास कार्य ठप्प पड़ गए थे। हमने, पंचायत को समन्वय के साथ चलाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन पंचायत सरपंच के चाचा के हस्तक्षेप और गांव के अवरूद्ध विकास तथा परिस्थिति को देखते हुए हमने, अविश्वास प्रस्ताव लाया था। जो आज पास हो गया है, हमारा प्रयास होगा कि हम पंचायत की जनता के साथ गांव का विकास मिलकर करेंगे। महिला पंच रामबती उईके ने बताया कि गांव के विकास नहीं होने और काम में हस्तक्षेप से हम परेशान थे। जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव के लिए हमें एकजुट होना पड़ा। इस मामले में हमने सरपंच के मोबाईल नंबर पर कॉल कर उनका पक्ष पूछा तो उन्होंने इसको लेकर, बात करने से इंकार कर दिया। बताया जाता है कि सरपंच कांग्रेस समर्थित थी। जबकि उपसरपंच भाजपा समर्थित बताए जाते है।

## आज भरेवली में छत्तीसगढी लोकदर्शन का कार्यक्रम



**बालाघाट।** मॉयल सार्वजनिक दुर्गाउत्सव समिति भरवेली के तत्वाधान में नवरात्रि पर्व के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में 25 सितम्बर गुरुवार को छत्तीसगढ़ी लोकदर्शन का आयोजन किया जाएगा। भिलाई से पधारे अमर श्रीवास एवं उनकी संस्था के कलाकार इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। समिति ने बताया कि मां दुर्गा की भव्य आराधना व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां नवरात्रि पर्व को विशेष बनाएंगी। आयोजन समिति ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे बड़े उत्साह के साथ परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर देवी दर्शन का लाभ उठाएं और साथ ही पारंपरिक लोक संस्कृति का आनंद लें। सामूहिक सहभागिता से न केवल आयोजन की गरिमा बढ़ेगी बल्कि इस परंपरा को और अधिक मजबूती भी मिलेगी। नवरात्रि का यह शुभ अवसर भक्तों और दर्शकों के लिए सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आनंद का संगम बनेगा।

### समाज की असली ताकत बेटियों की मुस्कान और आत्मनिर्भरता में छिपी होती है

## झुग्गी-झोपड़ियों में खिला आत्मविश्वास : आदर्श दानपात्र सेवा समिति बालाघाट की प्रेरणादायी पहल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट ने 'हमारी किशोरी, हमारा आधार' अभियान के तहत नेवरगांव कला के समीप झुग्गी-झोपड़ियों में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर वहां रह रही महिलाओं एवं किशोरियों को निशुल्क सेनेटरी पैड और कपडे वितरित किए गए। कार्यक्रम ने न केवल जरूरतमंदों को राहत दी, बल्कि किशोरियों को मासिक धर्म और स्वच्छता जैसी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। पहली बार जागरूकता से जुड़कर कई किशोरियों के चेहरे पर संतोष और आत्मविश्वास की मुस्कान दिखाई दी। महिलाओं ने भी इस पहल को अपने जीवन में एक नई शुरुआत बताया।



समिति के अध्यक्ष राहुल वैद्य ने कहा किशोरियां हमारे समाज की धरोहर हैं। उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना ही सशक्त भारत की नींव है। उनकी मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। समिति ने स्पष्ट किया कि दानदाताओं और सहयोगियों की मदद से ही यह कार्य निरंतर संभव हो पा रहा है। समिति ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा।कि आपका सहयोग किशोरियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है और उसकी आँखों में आशा की किरण जगा सकता है।ᵻआदर्श दानपात्र सेवा समिति बालाघाट लंबे समय से वनांचल, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य व महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम संचालित कर रही है। समिति का लक्ष्य है कि हर महिला और किशोरी को गरिमा, जागरूकता और सम्मानपूर्ण जीवन मिले।यह आयोजन नेवरगांवकला, तहसील किरनापुर, जिला बालाघाट में हुआ इस बात का प्रमाण है कि जब समाज और संस्था साथ आते हैं तो बदलाव की रोशनी सबसे दूरस्थ बस्तियों तक पहुँचती है। यह पहल समाज के लिए प्रेरणा बन गई है।

## स्वास्थ्य केंद्र बिरसा में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज बिरसा।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा में भाजपा मंडल मंडई दमोह एवं मलाजखंड के संयुक्त तत्वादान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में सुबह से ही बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की जरूरतमंदों को निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श जांच एवं दवाइयां उपलब्ध कराना था। साथ ही रक्तदान के माध्यम से जीवन रक्षा का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो यूनिट सख्त एकत्रित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगत श्री नेताम एवं भाजपा जिला महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य अनुपमा नेताम रही । इस दौरान श्री नेताम ने कहा कि सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से प्रारंभ होकर समाज सेवा को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल है उन्हें रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा ही सच्ची सेवा है, कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंडई अध्यक्ष चित्र कुमार ठाकरे, मलाजखंड मंडल अध्यक्ष सुनील राहंगडाले, दमोह मंडल अध्यक्ष हीरो पांचतिलक, नगर पालिका अध्यक्ष मानसिंह मरावी, उपाध्यक्ष त्रिवेणी गोस्वामी ,महामंत्री दल सिंह चौधरी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील सिंह शाहिद स्वास्थ्य विभाग की टीम बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य जांच कर कर खुद को स्वस्थ रखने का संकल्प लिया और रक्तदान कर मानवता की विशाल पेश की।



## सांदीपनि विद्यालय मलांजखण्ड के पूर्व छात्र जितेन्द्र आर्मो का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जितेंद्र आर्मो का चयन म.प्र. लोक सेवा आयोग के द्वारा भौतिकी विषय में सहायक प्राध्यापक के पद पर हुआ है। जितेंद्र आर्मो का अब तक का जीवनकाल अत्यंत संघर्ष पूर्ण रहा है। जन्म के पूर्व ही पिता का निधन हो गया, घर में माता और भाई रह गये, कमाई के कोई स्त्रोत नहीं रहा। प्रारंभिक शिक्षा शास. माध्य. शाला करमसरा में होने के बाद शा.उ.मा. विद्यालय मलांजखण्ड में कक्षा 9वी से 12वी तक शिक्षा अध्ययन कार्य पूर्ण किया। कक्षा 12वी में गणित समूह से विद्यालय में सर्वोच्च अंको से उतीर्ण कर शाला का नाम गौरवान्वित किया, आगे की शिक्षा आर्थिक अभाव के कारण टेढ़ी खीर हो गई,लेकिन माता ने हिम्मत दिखाई और अपने बेटे को दिन-रात मेहनत मजदूरी कर आगे की शिक्षा के लिए सागर विश्व विद्यालय भेजा , जहाँ से इन्होने स्नातक और स्नातकोत्तर (भौतिक शास्त्र) की शिक्षा प्राप्त की। ज्ञात हो कि बी.एस.सी.उत्तीर्ण करते तक जितेंद्र के घर में विधुत सुविधा भी उपलब नहीं थी ,लेकिन सच ही कहा गया है।

**कोई भी लक्ष्य मनुष्य के साहस से बड़ा नहीं, हारा वही जो हिम्मत से लड़ा नहीं":** जितेंद्र आर्मो ने अपने लक्ष्य के प्रति संघर्ष जारी रखा और सागर विश्व विद्यालय से भौतिकी में M.Sc. की डिग्री उच्चतम अंको से उत्तीर्ण की और Net Qualify कर म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राध्यापक चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त की और इनका चयन भौतिकी विषय के सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ है। जितेन्द्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता एवं गुरूजनों को दिया। जितेन्द्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने आदर्श और मार्गदर्शक शिक्षक श्री के.पी. गोकुलपुरे उ.श्रे.शि. शास.उ.मा.वि. मलाजखंड को दिया। उन्होंने कहा कि यदि ये गुरू मेरे जीवन में नहीं आते तो शायद इतनी बड़ी सफलता प्राप्त कर पाना मेरे लिए संभव नहीं था ।



### 52 मनोकामना ज्योति कलशों की गई स्थापना, अष्टमी को तांडव नृत्य

## श्री सांई मंदिर टेडवा में नवरात्र पर हो रहे विविध धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ऐसे तो अनेको धर्मस्थल एवं मंदिर हैं जहां पर हजारों की संख्या में समय-समय पर लोग पहुंचते है। परंतु इन्हीं कुछ धर्मस्थलों में से एक श्री सांई मंदिर टेडवा में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं प्रत्येक गुरूवार को लगने वाले सांई दरबार में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे है। नवरात्र के अवसर पर भक्तों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। यहां आने वाले सभी भक्तजनों की समस्याओं का समाधान भी मंदिर के सेवक प्रघुम्र जगराहे (नागा बाबा) द्वारा किया जाता है, जो पिछले 10-15 वर्षो से अधिक समय से अनवरत रूप से जारी है। क्षेत्र सहित समीपस्थ राज्य महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं और सांई दरबार में हाजिरी लगाकर अपनी समस्याओं का समाधान नागा बाबा से प्राप्त कर रहे हैं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर श्री साई मंदिर टेडवा में भक्तों द्वारा 52 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। जिनकी सेवा में मंदिर के सेवक दिन रात एकजुट होकर कर रहे है।

**रोजाना हो रहे भजन कीर्तन कार्यक्रम:** नवरात्र के अवसर पर श्री सांई मंदिर टेडवा में रोजाना ही रात्रि में समीपस्थ ग्रामों एवं महाराष्ट्र राज्य के ग्रामों से भी पार्टियां लगातार पहुंचकर भजन कीर्तन कर रहे है जिसमें ग्रामवासियों सहित आसपास के नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे है। वहीं प्रत्येक गुरूवार को लगने वाले दरबार के संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए मंदिर के सेवक आशीष सिल्हारे ने बताया की नागा बाबा द्वारा प्रत्येक गुरूवार को लगने वाले दरबार में शाम की पूजा आरती के पश्चात महाप्रसादी वितरण और उसके बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की समस्याओं का समाधान किया जाता है जिससे अब तक हजारों लोगों को लाभ मिल चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यहां दिन प्रतिदिन भक्तों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होने बताया की नवरात्रि की अष्टमी तिथि को यहां पर नागा बाबा द्वारा समस्त श्रद्धालुओ के समक्ष तांडव नृत्य किया जाएगा जो पिछले कुछ वर्षों से लगातार किया जा रहा है जिसके दर्शन लाभ के लिये बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचते है और धर्मलाभ प्राप्त करते है।

**नवमी तिथि को मनोकामना ज्योति**



**कलशो का विसर्जन:** इसी के साथ नवरात्रि के नवमी तिथि को सुबह 8 बजे से सभी मनोकामना ज्योति कलशों का क्रमानुसार जल विहार कराया जाएगा। इसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्री सांई मंदिर टेडवा में मनोकामना ज्योति कलशों की नौदिनी सेवा में हेमराज जी जगराहे,आशीष सिल्हारे, भरतलाल चोरनेले, विकास भूते, युवराज नाकतोड़े, प्रमोद उके, अरविंद सिल्हारे द्वारा दिन रात उपस्थित रहकर सेवा की जा रही है और ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रवासियों से भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया गया है।